THE TIMES OF INDIA

# Jayapur gets community devpt centre to train youths in coding

TIMES NEWS NETWORK

Varanasi: A community development centre has been established in Jayapur, the first village of Varanasi adopted by the Prime Minister Narendra Modi, for giving training in computer and coding to the local youth and school students.

The centre, which started functioning from September 4, has been established by the Avaada Foundation, a philanthropic arm of Avaada Group, which has been working for the upliftment of villagers, women, and children in Jayapur and Nagepur villages for several years.

The centre was inaugurated by foundation trustee Ritu Patwari. As many as 30 computers have been allotted to the centre to impart training.[The students will be trained on coding and various computer education under the programme 'Code Vidya', allowing them to learn more in less time. More than a hundred children have already registered for the training.

TOI



The centre, which started functioning from September 4, has been established by the Avaada Foundation, a philanthropic arm of Avaada Group

Patwari said the Foundation has also arranged English speaking classes to enhance the children's ability to speak in English. The foundation has provided scholarships to 22 extremely impoverished students who were unable to continue their education due to financial constraints. Two students have been provided with all the facilities, including fees, to prepare for IIT in Kota.

Besides, women are being trained in sewing by Navkiran Sewing Centre to make them financially independent while Navkiran Computer Centre is preparing the youth for a bright future through computer literacy.

The foundation is also set to implement several more schemes in areas of infrastructure, skill development, health, education, environment, and social welfare to bring positive changes to the lives of the people of Jayapur and Nagepur villages here.


Your Computer Keyboard

दैनिक जागरण

# जयापुर में अवादा सामुदायिक विकास केंद्र का उद्घाटन

**संवाद सूत्र, राजातालाब** : आदर्श गांव जयापुर में सोमवार को ग्रामीण युवकों व विद्यार्थियों के विकास के लिए अवादा फाउंडेशन की ओर से स्थापित अवादा सामुदायिक केंद्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि रोहनिया विधायक डा. सुनील पटेल तथा अवादा फाउंडेशन की ट्रस्टी रितु पटवारी ने संयुक्त रूप से किया।

रितु पटवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गोद लिए गए आदर्श गांव जयापुर और नागेपुर में स्त्रियों, बच्चों तथा गांव के गरीबों के उत्थान की दिशा में विगत वर्षों से अवादा फाउंडेशन कार्य कर रही है। इस सेंटर में बच्चों और युवकों को निश्शुल्क कंप्यूटर और कोडिंग की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए सेंटर में 30 कंप्यूटर लगाए गए हैं। विद्यार्थियों को 'कोड विद्या' नामक प्रोग्राम के तहत कंप्यूटर की ट्रेनिंग दी जाएगी। इससे सभी विद्यार्थियों को कम समय में ज्यादा से ज्यादा सीखने का अवसर मिलेगा। अवादा फाउंडेशन के मैनेजर दीपक जेना ने बताया कि फिलहाल सौ बच्चे अपना रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष अनिल सिंह, सेवापुरी विधायक प्रतिनिधि बंशराज पटेल, पद्मश्री चंद्रशेखर सिंह, पूर्व प्रधान श्री नारायण पटेल, राहुल पटेल, प्रधान राजकुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सहारा

# अवादा फाउंडेशन ने की युवाओं के लिए डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना



**जयापुर के युवक एवं युवतियों के विकास के लिए एक और कदम**

**जक्खिनी/वाराणसी (एसएनबी)।** अवादा फाउंडेशन, जो कि अवादा एनर्जी और अवादा ग्रुप ऑफ कम्पनीज की समाज कल्याण इकाई है के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गोद लिए गये आदर्श गांव जयापुर और नागेपुर में ग्रामीणों, स्त्रियों एवं बच्चों के उत्थान की दिशा में विगत कई वर्षों से कार्य कर रही है। इसी कड़ी में अवादा फाउंडेशन ने आदर्श ग्राम जयापुर में कम्युनिटी डेवलपमेंट सेंटर की शुरुआत की है। इसका उद्घाटन सोमवार को रंगारंग समारोह में अवादा फाउंडेशन की ट्रस्टी ऋतु पटवारी ने किया।

अवादा फाउंडेशन द्वारा स्थापित इस कम्युनिटी डेवलेपमेंट सेंटर में बच्चों और युवकों को कंप्यूटर और कोडिंग की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए सेंटर में अवादा फाउंडेशन द्वारा तीस कंप्यूटर लगाए गए हैं। विद्यार्थियों के कंप्यूटर शिक्षण के लिए 'कोड विद्या' नामक प्रोग्राम के तहत कंप्यूटर ट्रेनिंग दी जाएगी। कोड विद्या से विद्यार्थियों को कोडिंग और विभिन्न कंप्यूटर शिक्षण में विशेषज्ञता हासिल होगी। इससे सभी स्टूडेंट्स को कम समय में ज्यादा से ज्यादा सीखने का अवसर मिलेगा। अवादा फाउंडेशन के मैनेजर दीपक जेना ने बताया कि अभी से ही सौ से भी ज्यादा बच्चे कंप्यूटर ट्रेनिंग के लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। अवादा फाउंडेशन द्वारा बच्चों के अंग्रेजी विषय में बोलने की क्षमता को विकसित करने के लिए इंग्लिश स्पीकिंग क्लास की भी व्यवस्था की गई है। शहर के नामी-गिरामी और एक्सपर्ट टीचर्स के द्वारा उनको कोचिंग की भी सुविधा प्रदान की गई है। अवादा फाउंडेशन की ट्रस्टी ऋतु पटवारी ने बताया कि सेंटर के लिए स्थान का चुनाव बहुत सोच समझकर किया गया है। एक ही कॉम्प्लेक्स में होने से सभी को आने-जाने में सुविधा होगी। सभी बच्चे एक-एक करके कोचिंग, कंप्यूटर ट्रेनिंग और इंग्लिश स्पीकिंग क्लास की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। इस अवसर पर रोहनिया विधायक सुनील पटेल, सेवापुरी विधायक प्रतिनिधि वंश नारायण पटेल, अनिल सिंह के साथ ही जयापुर के ग्राम प्रधान राजकुमार यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अमर उजाला

# प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे विद्यार्थी




राजातालाब। प्रधानमंत्री के प्रथम सांसद आदर्श गांव जयापुर में चार प्रशिक्षण केंद्र खोले गए। इन केंद्रों में छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करेंगे। साथ ही महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। अवादा फाउंडेशन की ट्रस्टी रितु पटवारी ने बताया कि जयापुर और आसपास के छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर और इंग्लिश स्पीकिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही महिलाओं को आत्मनिभर बनाने के लिए सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए चार केंद्र शुरू किए गए हैं। इस मौके पर रोहनिया विधायक सुनील पटेल, चंद्रशेखर सिंह, ग्राम प्रधान नारायण पटेल आदि मौजूद रहे। संवाद


शुभ उद्घाटन